>

Title: Need to provide more flights of Air India from surat to other cities.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत): सर, सबसे पहले तो आपको अध्यक्ष के तौर पर धन्यवाद ।

सर, पन्द्रहवीं, सोलहवीं और सत्रहवीं, तीनों लोक सभा के दरम्यान मेरा एक ही विषय रहा है । Surat is the fastest growing city of Asia. सबसे ज्यादा विश्वास की बात यह है कि भारत की जनता ने सबसे ज्यादा वोट दिया । हर चार व्यक्तियों में से तीन व्यक्तियों ने बी.जे.पी. को वोट दिया है । 100 में से 75 परसेंटेज वोट जब बी.जे.पी. को यहां मिला है तो लोगों ने विश्वास तो बहुत किया है । यह रिजल्ट-ओरिएंटेड है । वर्ष 2009-14 के दरम्यान हमें यह जवाब मिलता था कि Sir, route is not profitable. वर्ष 2014 के बाद परिणाम यह आया कि सूरत एयरपोर्ट की ग्रोथ पिछले दो सालों में 250 पर्सेंट से ज्यादा हुई है । जहां पहले 78-सीटर्स की फ्लाइट की एक कनेक्टिविटी थी, वहीं आज 52 ऑपरेशंस सूरत से हो रहे हैं । यह काम करने वाली सरकार है । माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई के प्रयत्नों से सूरत को ग्रोथ की यह गति मिली है । जब चुनाव आया तो हमें इंटरनेशनल कनेक्टिविटी भी मिल गयी । एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पहली बार शारजाह की फ्लाइट दी । लेकिन, ग्लोबल कनेक्टिविटी के लिए हमें दूसरी एयरलाइंस पकड़नी पड़ती है । इसलिए अगर एयर इंडिया को दुबई से कनेक्ट किया जाए, जहां से जेट एयरवेज के कई सारे स्लॉट्स खाली हैं तो मुझे लगता है कि उससे सूरत को लाभ होगा ।

सर, मैं एक ही उदाहरण दूंगी कि पूरे भारत में एक ही शहर ने तीन करोड़ डिपॉज़िट करके 118 सीट्स की गारंटी दी है । अगर आज आपने सुबह में मुझे बोलने का चांस दे दिया होता तो मैं एविएशन मिनिस्टर के साथ इसकी भी बात कर लेती । 118 सीट्स साढ़े चार हजार रुपये में मिलती हैं और उसके बाद

उसकी कमर्शियल प्राइस चालू होती है । प्राइवेट एयरलाइंस का शेयर जो 90-95 परसेन्ट है और जिन शहरों की कनेक्टिविटी के लिए कवर कर रहे हैं, उसमें पुणे, जयपुर, हैदराबाद, कोलकाता है । अगर हमें और भी शहरों के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट मिल जाए तो मुझे लगता है कि सूरत का ग्रोथ और अच्छा होगा ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल तथा डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।